दिनांक-29.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार...

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
2- अगले वर्ष 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित की जाएगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन।
3- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मावठे की बारिश, बादल छटते ही तेज होगी ठंड।
4- प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे जिला एवं राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेल।

अब समाचार विस्तार से...

----------------------------------

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

----------------------------------

इन्वेस्टर्स समिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। इसमें 20 हजार उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने का अनुमान है। समिट में 25 देशों के विदेशी मेहमान भी आएंगे। जर्मनी, साउथ कोरिया, जापान और यूके के प्रतिनिधियों के साथ साथ साझेदारी पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इसकी जानकारी दी। आयोजन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के रहने-खाने एवं आसपास के पर्यटन स्थलों पर आने-जाने एवं भ्रमण की समुचित व्यवस्था की जाए। मेहमानों को होम-स्टे के बारे में भी

बताया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विशेषताओं को संजोए हुए जीआईएस-2025 का भव्य आयोजन किया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है। हर महीने किसी एक सेक्टर जैसे पॉवर, नवकरणीय ऊर्जा, ऑटो, एग्रो, पर्यटन, माइनिंग, हेल्थ, एजुकेशन और आईटी सेक्टर पर आधारित सेक्टोरल एक्सपो या कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। उन्होंने अधिकारियों को गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए।

----------------------------------

इंदौर स्वच्छता

स्वच्छता में देश में लगातार सात बार अव्वल इंदौर अब पर्यावरण संरक्षण की दिषा में एक अनूठी पहल करने जा रहा है। इंदौर क्लाइमेट मिषन यानि इंदौर जलवायु अभियान के तहत इंदौर दुनिया का पहला ऊर्जा साक्षर शहर बनेगा। पेश है इंदौर संवाददाता की एक रिपोर्ट-

----------------------------------

यूरोपीय संघ-सी टाइप चार्जर

यूरोपीय संघ के देशों में स्मार्टफोन, टैबलेट और कैमरे के लिए एक समान सी-टाइप चार्जर की व्यवस्था कल से लागू हो गई है। इसके साथ ही, संघ के सभी 27 देशों में यू.एस.बी. सी-टाइप पोर्ट वाले उपकरण उपलब्ध कराना निर्माताओं के लिए बाध्यकारी हो गया है। हैड फोन, स्पीकर, की-बोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में भी सी-टाइप पोर्ट की व्यवस्था होगी। यूरोपीय संघ का कहना है कि इससे, लागत और अपशिष्ट में कमी आएगी और नए उपकरण के लिए नए चार्जर को खरीदना जरूरी नहीं होगा। यूरोपीय संघ में इस कानून को वर्ष 2022 में मंजूरी दी गई थी।

----------------------------------

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में कल लगातार दूसरे दिन मावठा गिरा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम और रीवा संभाग के कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे। जिससे फसलों को नुकसान होने की खबरें आई हैं। बारिश के चलते जबलपुर, रीवा, रायसेन, खंडवा और उमरिया समेत कई शहरों की मंडियों में रखे अनाज भीग गए। शनिवार को रीवा में सबसे ज्यादा 9 घंटे में 4.2 इंच बारिश दर्ज की गई। उमरिया में 2.2 इंच, नर्मदापुरम में 1.7 इंच, बैतूल व जबलपुर में 1.2 इंच और नरसिंहपुर में 1.1 इंच पानी गिरा। इसके अलावा भोपाल, खजुराहो, नौगांव, सतना, टीकमगढ़, दमोह, सीधी, खंडवा, पचमढ़ी, सागर, रायसेन, धार, इंदौर, मंडला में भी बारिश

हुई। मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुर जिले में भी कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के बड़गांवमाली, पलकना, सिहाड़ा, में ओले गिरे, वहीं तेज हवा के कारण फसलों को भी नुकसान हुआ। पन्ना जिले में भी कल दिन भर रुकरूक मावठे की बूंदा वांदी होती रही और बादल छाये रहे। ऐसे में ठण्ड बढ़ गयी है। मौसम विभाग ने कल से मौसम खुलने का अनुमान जताया है।

-----------------------------------

धान उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि उपार्जित धान की वर्षा से सुरक्षा के लिये समुचित प्रबंध किये जा रहे हैं। उन्होंने बताय है कि प्रदेश में अभी तक कुल 24 लाख 84 हजार 811 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। यह विगत वर्ष में इस अवधि के उपार्जन की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। इसके लिए प्रदेश में 1394 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश में कुल उपार्जन केन्द्रों में से 749 गोदाम स्तरीय केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें उपार्जित धान का भंडारण वहीं गोदाम में कर दिया जाता है। इसके लिए परिवहन की आवश्यकता नहीं होती है। शेष उपार्जन केन्द्र जो समिति स्तरीय बनाए गए थे, उनमें उपार्जित 3 लाख 97 हजार 515 मीट्रिक टन धान को सीधे मिलर्स को मिलिंग के लिये दी गई है। साथ ही 14 लाख 40 हजार 774 मीट्रिक टन धान का परिवहन एवं हैंडलिंग चालान बनाकर गोदामों में सुरक्षित भंडार किया गया है।

-----------------------------------

सीएम खेल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेल, शिक्षा का ही एक अभिन्न हिस्सा है। खेल और खिलाडियों का विकास हमेशा ही हमारी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। सरकार इनके विकास में कोई कसर नहीं रखेगी। मुख्यमंत्री कल मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसद खजुराहो एवं मप्र ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश मेंदोला मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिला एवं राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेलों के आयोजन से प्रदेश की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को भी आगे आने का सुनहरा मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार उच्च

शिक्षा, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग, मेडिकल एजुकेशन, टेक्निकल एजुकेशन में अध्ययनरत विद्यार्थियों की रुचि के खेलों और खेल मैदानों के विकास के लिए समन्वित प्रयास करेगी।

-----------------------------------

संक्षिप्त समाचार

1- झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय राणापुर में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया समझाई गई। इसके साथ ही 33 छात्र छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस बना कर प्रदान किये गये।
2- भोपाल में सीएम हाउस स्थित समत्व भवन में कल वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई।
3- रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे ने रेलवे स्टेशन बैतूल में शिविर लगाकर आरपीएफ नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 235 लोगों से एक लाख 75 हजार रुपए से अधिक राशि का जुर्माना जमा कराया।
4- सतना जिले की दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के स्वास्थ्य प्रकल्प आरोग्यधाम के द्वारा कल उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में परंपरागत वैद्यों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।
5- आगरमालवा जिले के बड़ौद, नलखेड़ा सुसनेर और आगरमालवा में आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित हुई।

-----------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
2- अगले वर्ष 24 फरवरी को भोपाल आयोजित की जाएगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन।
3- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मावठे की बारिश, बादल छटते ही तेज होगी ठंड।
4- प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे जिला एवं राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेल।

-----------------------------------